पत्रिका

# विरासत व पार्कों की फिजा में गूंजेगा मधुर संगीत

## कोटा विकास प्राधिकरण व अन्य संस्थाओं के सहयोग से होंगे आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** केडीए, हाड़ौती हैरिटेज वॉक्स, हाड़ौती पर्यटन विकास समिति एवं स्पिक मैके ने ''म्यूजिक इन पार्क'' एक नई पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य कोटा की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक स्थलों को बढ़ावा देना है। इसके तहत हर माह शहर के विभिन्न धरोहर स्थलों पर शास्त्रीय संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। यह शृंखला ऐतिहासिक स्थलों के प्रति आम जनता और पर्यटकों में रुचि जागृत करने का प्रयास है, ताकि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सराहा और संरक्षित किया जा सके।

### शुरुआत 23 से

शृंखला का पहला कार्यक्रम 23 नवम्बर शाम 7:30 बजे ऐतिहासिक सूरजपोल दरवाजे पर जिला कलक्टर रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध सरोद वादक त्रोइली दत्ता के साथ तबला वादक दीपक सिंह प्रस्तुति देंगे। हाड़ौती हैरिटेज संरक्षण से जुड़े रविन्द्र सिंह तोमर एवं सर्वेश सिंह हाड़ा ने बताया कि यह शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेंगे, बल्कि कोटा के ऐतिहासिक स्थलों की विशिष्टता को भी उजागर करेंगे।

विस्तृत खबर पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें



### इन स्थानों पर होंगे आयोजन

शास्त्रीय नृत्य कार्यक्रम शहर के प्राचीनमंदिरों पर एवंशास्त्रीयगायन वादन शहर के ऐतिहासिक एवं नवनिर्मित पर्यटक स्थलों पर आयोजित होंगे। बृजविलास भवन, झाला हाउस, बड़ी समाध, मथुराधीश मंदिर, चंबल रिवरफ्रंट, ऑक्सीज़ोन पार्क इत्यादि स्थलों पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### केडीए, हाड़ौती हेरिटेज वॉक्स, पर्यटन विकास समिति एवं स्पिक मैके की पहल

# हाड़ौती के धरोहर स्थलों पर हर महीने गीत-संगीत के इवेंट, शुरुआत 23 से

सिटी रिपोर्टर | कोटा

कोटा के धरोहर स्थलों पर अलग-अलग विधाओं के शास्त्रीय संगीत के इवेंट होंगे। इनमें गायन, वादन और नृत्य का फ्यूजन देखने को मिलेगा। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए केडीए, हाड़ौती हेरिटेज वॉक्स, हाड़ौती पर्यटन विकास समिति एवं स्पिक मैके ने पहल 'म्यूजिक इन पार्क' शुरू की है। इसमें कोटा की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक स्थलों को बढ़ावा दिया जाएगा। पहला कार्यक्रम 23 नवंबर शाम 7:30 बजे ऐतिहासिक सूरजपोल दरवाजे पर कलेक्टर रवींद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में होगा। इसमें सरोद वादक त्रोइली दत्ता, तबला वादक दीपकसिंह प्रस्तुति देंगे।



## ऐतिहासिक स्थलों की विशिष्टता होगी उजागर

हाड़ौती हेरिटेज संरक्षण से जुड़े रवींद्र सिंह तोमर एवं सर्वेश सिंह हाड़ा ने बताया कि यह शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेंगे बल्कि कोटा के ऐतिहासिक स्थलों की विशिष्टता को भी उजागर करेंगे। शहर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, आपका प्रोत्साहन स्थानीय कलाकारों और समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## हर महीने होगा आयोजन

इस पहल के अंतर्गत हर महीने कोटा के विभिन्न धरोहर स्थलों पर शास्त्रीय संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। यह श्रृंखला इन ऐतिहासिक स्थलों के प्रति आम जनता और पर्यटकों में रुचि जागृत करने का प्रयास है, ताकि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सराहा और संरक्षित किया जा सके। इस श्रृंखला में शास्त्रीय नृत्य कार्यक्रम शहर के प्राचीन मंदिरों पर एवं शास्त्रीय गायन वादन शहर के ऐतिहासिक एवं नव निर्मित पर्यटक स्थलों पर आयोजित होंगे। बृजविलास भवन, झाला हाउस, बड़ी समाध, मथुराधीश मंदिर , चंबल रिवर फ्रंट , ऑक्सीजोन पार्क इत्यादि स्थलों पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे।